अध्याय 26

निवासस्थान के लिए निर्देश (भाग 2)

अध्याय 26 निवासस्थान की सामग्री के विषय परमेश्वर के निर्देशों से निवासस्थान ही की, अर्थात तम्बू की ओर मुड़ता है। सबसे पहले वह निवासस्थान को ढाँपने के आवरणों (26:1-14) पर केंद्रित होता है, फिर तम्बू के ढाँचे पर (26:15-30), और अन्ततः दो पर्दों पर। एक पर्दा पवित्र स्थान को महापवित्र स्थान से पृथक करता था, और दूसरा पवित्र स्थान में प्रवेश को ढाँपता था (26:31-37)।

निर्गमन में तम्बू के फर्श का कोई उल्लेख नहीं है, परन्तु गिनती 5:17 में एक संक्षिप्त उल्लेख संकेत करता है कि वह ढाँपा हुआ नहीं था। इस संदर्भ में, याजकों को निर्देश दिया गया था कि किसी व्यक्ति की पत्नी व्यभिचार की दोषी थी कि नहीं जानने के अनुष्ठान के लिए वे "निवासस्थान की भूमि पर की धूलि में से कुछ लें।"

पर्दों से बने दो आवरण (26:1-13)

1"फिर निवासस्थान के लिये दस परदे बनवाना; इन को बटी हुई सनी वाले और नीले, बैंजनी और लाल रंग के कपड़े का कढ़ाई के काम किए हुए करूबों के साथ बनवाना। 2एक एक परदे की लम्बाई अट्ठाईस हाथ और चौड़ाई चार हाथ की हो; सब परदे एक ही नाप के हों। 3पांच परदे एक दूसरे से जुड़े हुए हों; और फिर जो पांच परदे रहेंगे वे भी एक दूसरे से जुड़े हुए हों। 4और जहां ये दोनों परदे जोड़े जाएं वहां की दोनों छोरों पर नीले नीले फन्दे लगवाना। 5दोनों छोरों में पचास पचास फन्दे ऐसे लगवाना कि वे आमने सामने हों। 6और सोने के पचास अंकड़े बनवाना; और परदों के पंचो को अंकड़ों के द्वारा एक दूसरे से ऐसा जुड़वाना कि निवासस्थान मिलकर एक ही हो जाए। 7फिर निवास के ऊपर तम्बू का काम देने के लिये बकरी के बाल के ग्यारह परदे बनवाना। 8एक एक परदे की लम्बाई तीस हाथ और चौड़ाई चार हाथ की हो; ग्यारहों परदे एक ही नाप के हों। 9और पांच परदे अलग और फिर छः परदे अलग जुड़वाना, और छटवें परदे को तम्बू के सामने

मोड़ कर दुहरा कर देना। 10और तू पचास अंकड़े उस परदे की छोर में जो बाहर से मिलाया जाएगा और पचास ही अंकड़े दूसरी ओर के परदे की छोर में जो बाहर से मिलाया जाएगा बनवाना। 11और पीतल के पचास अंकड़े बनाना, और अंकड़ों को फन्दों में लगाकर तम्बू को ऐसा जुड़वाना कि वह मिलकर एक ही हो जाए। 12और तम्बू के परदों का लटका हुआ भाग, अर्थात जो आधा पट रहेगा, वह निवास की पिछली ओर लटका रहे। 13और तम्बू के परदों की लम्बाई में से हाथ भर इधर, और हाथ भर उधर निवास के ढांकने के लिये उसकी दोनों अलंगों पर लटका हुआ रहे।"

आयत 1. निवासस्थान को बनाने के निर्देशों का आरंभ उन आवरणों के विवरण के साथ होता है जिनसे तम्बू बना है। परमेश्वर ने पहले तम्बू के भीतरी आवरणों के बारे में कहा, कि **दस परदे बनवाना; इन को बटी हुई सनी वाले और नीले, बैंजनी और लाल रंग के कपड़े का** होना था। NASB में "सामग्री" शब्द तिरछे अक्षरों में है जो इस बात का संकेत है कि यह शब्द मूल भाषा में नहीं है परन्तु अनुवादकों द्वारा जोड़ा गया है जिससे पाठकों को समझने में सहायता हो। KJV इब्रानी लेख में कुछ नहीं जोड़ती है, वरन उसमें सीधे से "नीले, बैंजनी और लाल" है। इस वाक्यांश को NRSV अनुवाद करती है कि "दस परदे जो बटी हुई सनी वाले और नीले, बैंजनी और लाल रंग के कपड़े के हों।" NIV में "दस परदे जो बटी हुई सनी के और नीले, बैंजनी और लाल रंग के हों" आया है। ये सामग्रियां कम मिलती थीं और महंगी थी। इसके अतिरिक्त, **करूबों** के आकार भी कपड़े में बनवाए जाने थे। इस सजावट से पहले से ही सुन्दर कपड़ा और अधिक प्रभावी हो गया होगा।

आयतें 2, 3. फिर यहोवा ने निर्देश दिए कि उस सामग्री को एकसाथ कैसे बैठाना है। दस पर्दों से, जिनमें से प्रत्येक **अट्ठाईस हाथ** लंबा और **चार हाथ** चौड़ा (42' x 6') था, **पाँच-पाँच पर्दों** की दो बड़ी चादरें बनानी थीं। संभवतः दस पर्दों को आपस में सिल कर दो बड़ी चादरें बनानी थीं जिससे वे तह करके एक से दूसरे स्थान को ले जायी जा सकें; एक ही बड़ी चादर स्थानांतरित करने के लिए बहुत भारी-भरकम हो जाती।

आयतें 4-6. इन चादरों को आपस में बाँधने के लिए प्रयोजन किया गया था, उनमें **फन्दों** और **अंकड़ों** के द्वारा। क्योंकि यह सबसे अन्दर का आवरण था, पवित्र सामग्री के सबसे निकट, इसलिए अंकड़े **सोने** के बनाए जाने थे।

लगता है कि इन पर्दों को बगल-बगल करके एक साथ किया जाना था जिससे कि पर्दे, अट्ठाईस हाथ लंबे, किनारे-किनारे करके दस हाथ चौड़े और दस हाथ ऊँचे निवासस्थान पर चढ़ाए जाते। यह सारा आवरण किसी भी ओर से धरती तक नहीं पहुँचता; वह एक हाथ छोटा रह जाता। आवरण की कुल लंबाई चालीस हाथ होती जो कि निवासस्थान को आगे से पीछे (तीस हाथ) तक ढाँप लेती, और दस हाथ निवासस्थान के भीतरी भाग (पवित्र स्थान और महापवित्र स्थान) को ढाँपने के लिए हो जाता। लेकिन निवासस्थान के सामने के भाग को ढाँपने के लिए काफी

नहीं होता; इस के लिए बाहरी "पर्दे" के लिए अध्याय में बाद में बताया गया है (26:36)।

आयत 7. तम्बू के दूसरे आवरण को **बकरी के बाल के परदे** से बनाया जाना था। पहला आवरण सजावट के लिए था; दूसरा उपयोगी होने के लिए था। मरुभूमि के निवासियों द्वारा रहने के लिए बनाए जाने वाले तम्बू इसी सामग्री से बनते थे; यह संभवतः काले रंग था, लोगों द्वारा पाली जाने वाली बकरियों के रंग का।

आयतें 8, 9. सामग्री और रंग के अतिरिक्त, पहले और दूसरे आवरणों में दो मुख्य अन्तर हैं। एक अन्तर आकार का था। दूसरा आवरण पहले से बड़ा था, दस के स्थान पर ग्यारह पर्दों से बना था (26:7)। **एक एक पर्दा** भीतरी आवरणों के अट्ठाईस हाथ के पर्दों की तुलना में **तीस हाथ** का था। यह अतिरिक्त सामग्री निवासस्थान के सामने, पीछे, और बगलों को ढाँपने के लिए थी। अतिरिक्त पर्दे के आधे भाग, या दो हाथ को **तम्बू के सामने मोड़ कर दोहरा** कर देना था, अर्थात मोड़ कर प्रवेश द्वार से अलग कर देना था।

आयतें 10, 11. दूसरा अन्तर उनके बंधनों में, जो उनके दो किनारों को साथ रखते थे, है। दूसरे आवरण के बांधनेवाले सोने के स्थान पर **पीतल** के थे। यह पवित्र स्थान और परमेश्वर की उपस्थिति से कुछ दूर था; इसलिए कम मूल्यवान धातु प्रयोग की जा सकती थी। इन **अंकड़ों** को पचास फन्दों में लगाया जाना था, जिससे **तम्बू को ऐसा जुड़वाना कि वह मिलकर एक ही हो जाए**।

आयतें 12, 13. पर्दे का वह अर्ध भाग जिसे "मोड़ कर दोहरा" (26:9) नहीं करना था, **वह निवास की पिछली ओर लटका रहे**। इन निर्देशों के परिणामस्वरूप, पहला आवरण, दूसरे द्वारा पूर्णतः ढाँपा जाता; वह बाहर से कदापि दिखाई नहीं देता।

चमड़े से बने दो आवरण (26:14)

14"फिर तम्बू के लिये लाल रंग से रंगी हुई मेढ़ों की खालों का एक ओढ़ना और उसके ऊपर सूइसों की खालों का भी एक ओढ़ना बनवाना।"

आयत 14. फिर दो अन्य **ओढ़नों** का उल्लेख तो हुआ है परन्तु उनका पूर्ण विवरण नहीं दिया गया। एक ओढ़ना **लाल रंग से रंगी हुई मेढ़ों की खालों का** था। संभवतः इसका प्रयोजन दोनों भीतरी आवरणों की रक्षा करना था; उदाहरण के लिए, मेढ़ों की खाल का ओढ़ना पानी से बचाव के लिए दोनों भीतरी आवरणों से अधिक प्रतिरोधक होगा। क्योंकि तीसरे ओढ़ने का विवरण नहीं दिया गया है (उदाहरण के लिए उनके आकार के विषय कुछ नहीं कहा गया है), इसलिए यह उतना महत्वपूर्ण नहीं रहा होगा जितना इससे पहले वर्णन किए गए दो आवरण।

एक चौथा **सूइसों की खालों** के ओढ़ने का भी उल्लेख आया है। इब्रानी शब्द תַּחַשׁ *(थाकाश)* द्वारा किस प्रकार के चमड़े से अभिप्राय है, यह एक चर्चा का विषय है। इसे KJV "सूईसों की खाल" बताती है। परन्तु अधिकांश अनुवादक इसे "समुद्री

गाय" ड्युगौंग की खाल मानते हैं जो लाल सागर में पाई जाती थीं।[1] एक प्रश्न यह भी है कि यह निवासस्थान का ओढ़ना था भी कि नहीं। आर. एलैन कोल का विचार था कि ये खालें थैला या थैले बनाने के लिए प्रयोग होती थीं, जिनमें निवासस्थान के आवरण ले जाए सकते थे। उन्होंने लिखा,

> ऐसा लगता है कि किसी प्रकार का चमड़े से बना "तम्बू का थैला", या लपटने वाले का, यात्रा के लिए उपलब्ध करवाया गया था। कुछ सोचते हैं कि वाक्यांश का तात्पर्य किसी तीसरे (या चौथे) चमड़े से बने तम्बू से था, जिसे बकरी के ऊन और कपड़े से बने तम्बू की ऊपर डाला जाता था, परन्तु यह अत्यधिक भारी और अनावश्यक लगता है।[2]

दीवारें: तख्ते और बेंड़े (26:15-30)

15"फिर निवास को खड़ा करने के लिये बबूल की लकड़ी के तख्ते बनवाना। 16एक एक तख्ते की लम्बाई दस हाथ और चौड़ाई डेढ़ हाथ की हो। 17एक एक तख्ते में एक दूसरे से जोड़ी हुई दो दो चूलें हों; निवास के सब तख्तों को इसी भांति से बनवाना। 18और निवास के लिये जो तख्ते तू बनवाएगा उन में से बीस तख्ते तो दक्खिन की ओर के लिये हों; 19और बीसों तख्तों के नीचे चांदी की चालीस कुर्सियाँ बनवाना, अर्थात एक एक तख्ते के नीचे उसके चूलों के लिये दो दो कुर्सियाँ। 20और निवास की दूसरी ओर, अर्थात उत्तर की ओर बीस तख्ते बनवाना। 21और उनके लिये चांदी की चालीस कुर्सियाँ बनवाना, अर्थात एक एक तख्ते के नीचे दो दो कुर्सियाँ हों। 22और निवास की पिछली ओर, अर्थात पश्चिम की ओर के लिये छः तख्ते बनवाना। 23और पिछले भाग में निवास के कोनों के लिये दो तख्ते बनवाना; 24और ये नीचे से दो दो भाग के हों और दोनों भाग ऊपर के सिरे तक एक एक कड़े में मिलाये जाएं; दोनों तख्तों का यही रूप हो; ये तो दोनों कोनों के लिये हों। 25और आठ तख्तें हों, और उनकी चांदी की सोलह कुर्सियाँ हों; अर्थात एक एक तख्ते के नीचे दो दो कुर्सियाँ हों। 26फिर बबूल की लकड़ी के बेंड़े बनवाना, अर्थात निवास की एक अलंग के तख्तों के लिये पांच, 27और निवास की दूसरी ओर के तख्तों के लिये पांच बेंड़े, और निवास का जो भाग पश्चिम की ओर पिछले भाग में होगा, उसके लिये पांच बेंड़े बनवाना। 28और बीचवाला बेंड़ा जो तख्तों के मध्य में होगा वह तम्बू के एक सिरे से दूसरे सिरे तक पहुंचे। 29फिर तख्तों को सोने से मढ़वाना, और उनके कड़े जो बेंड़ों के घरों का काम देंगे उन्हें भी सोने के बनवाना; और बेड़ों को भी सोने से मढ़वाना। 30और निवास को इस रीति खड़ा करना जैसा इस पर्वत पर तुझे दिखाया गया है।"

आयत 15. निवासस्थान की चारों आवरणों के विवरण के पश्चात, लेख जारी रहता है निवासस्थान की दीवारें बनाने वाले **तख्तों** के विषय निर्देश देने के द्वारा। तख्तों को **बबूल की लकड़ी** का बनाया जाना था और उनपर सोना मढ़वाया जाना था (26:29), जैसा कि परमेश्वर की उपस्थिति के निकट होने वाली सामग्री के

लिए उचित था। "बबूल," रिचर्ड ई. एवर्बैक के अनुसार, "बहुत कठोर और टिकाऊ किन्तु हलकी लकड़ी" होती थी।[3]

आयतें 16, 17. तख्ते दस हाथ (15') लंबे थे, जो निवासस्थान की ऊँचाई थी। किनारों पर, तख्ते **डेढ़ हाथ** (27") चौड़े थे। इन तख्तों के साथ नीचे की ओर **चूलें** बनानी थीं, जिससे उन्हें चांदी की "कुर्सियों" (26:19) में सीधे खड़े करना संभव होता। एक "चूल" होती है "लकड़ी के टुकड़े में से बाहर को निकला हुआ भाग, जिसका आकार, छेद में फंसा कर जोड़ बनाए जा सकने के अनुसार होता है।"[4] लेख में जिन चूलों का वर्णन दिया गया है उन्हें धरती पर रखी जाने वाली कुर्सियों के "छेदों" में बैठा देना था। उम्बर्टो कास्सूटो ने स्पष्टीकरण दिया कि जिन चूलों का उल्लेख हुआ है वे दरवाजों की चूलों के समान थे।[5]

आयतें 18-21. निर्देश निर्धारित करते थे कि प्रत्येक ओर **बीस तख्ते** होने थे। एक के साथ एक लगाकर ये तख्ते तीस हाथ लंबी दीवार बनाते, जो निवासस्थान की लंबाई थी।

आयतें 22, 23. निवासस्थान के पिछले भाग के लिए निर्देश समझने के लिए इतने सरल नहीं हैं, परन्तु लगता है कि आठ तख्ते थे, जिनमें से **दो तख्ते** विशेषतया **किनारों** के लिए बनाए गए थे, जिनसे पिछला भाग वैसे ही ढाँपा जाता जैसे कि अन्य तख्ते निवासस्थान के किनारों को ढाँपते थे।

आयतें 24, 25. लेख सुझाव देता है कि **तख्ते** निवासस्थान के तीन ओर ठोस दीवार बनाते थे। इस व्याख्या के साथ समस्या यह है कि यदि तख्ते ठोस थे, तो भीतरी आवरण, यदि उन्हें तख्तों के बाहरी ओर डाला जाता, तो वे दिखाई नहीं देते, छत के अतिरिक्त। इसके विपरीत, यदि उन्हें तख्तों के अन्दर की ओर डाला जाता, तो फिर सोने से मढ़े सुन्दर तख्ते दिखाई नहीं देते। दोनों, कपड़ों और करूबों की सुन्दरता यह संकेत करती है कि परमेश्वर चाहता था कि भीतरी आवरण को मानवीय आँख देख सके। इसलिए कुछ विद्वान इस निष्कर्ष पर पहुँचे हैं कि तख्ते जाफरी के समान ढाँचे थे जो निवासस्थान और उसके आवरणों के लिए ढाँचा उपलब्ध करवाते थे परन्तु उनमें होकर याजक भीतरी आवरणों को भी देख सकते थे। यह व्याख्या एक अन्य समस्या का भी समाधान करती है: यदि तख्ते ठोस और सोने से मढ़े होते तो उनका भार उन्हें ले जाने में कठिनाई उत्पन्न करता। तख्ते जो ढाँचे ही होते, उठाने में भारी नहीं होते।

आयतें 26-30. **तख्तों** को तम्बू की दोनों लंबी **ओर** साथ बाँधे रखने के लिए, परमेश्वर ने सुझाया कि इस्राएली प्रत्येक ओर **पाँच बेंड़े** प्रयोग करें। प्रत्येक ओर **मध्य का बेंड़ा** तम्बू के समान लंबा होना था। संभवतः प्रत्येक अन्य चारों बेंड़े पन्द्रह हाथ लंबे थे, जिससे उनमें से दो एकसाथ तम्बू की लंबाई में रहते। इन बेंड़ों को **सोने** से मढ़ा जाना था और **निवासस्थान** के तख्तों से जोड़ा जाना था, इस उद्देश्य के लिए तख्तों में बनाए गए **कड़ों में से निकालने** के द्वारा।

निवासस्थान की संरचना का तम्बू मुख्य भाग था। उसके दो कक्ष थे - पवित्र स्थान और महापवित्र स्थान - और उसमें निवासस्थान की सामग्री रहती थी। तम्बू के प्रत्येक अंग का बाइबल में दिए गए महत्व के अतिरिक्त भी कोई महत्व था या

नहीं यह अनिश्चित है, परन्तु व्याख्याकर्ताओं ने तम्बू की योजना के विवरण में अनेकों महत्व की बातें समझीं है। उदाहरण के लिए, पीटर एन्स ने ध्यान दिया कि भीतरी पर्दे के कपड़े में काढ़े गए करूबों का उद्देश्य था कि "वे सदाकाल के लिए स्मारक थे कि निवास स्थान स्वर्गीय निवास स्थान का पृथ्वी का प्रतीक है।"[6]

पर्दा, भीतरी पर्दा (26:31-35)

[31]"फिर नीले, बैंजनी और लाल रंग के और बटी हुई सूक्ष्म सनीवाले कपड़े का एक बीचवाला पर्दा बनवाना; वह कढ़ाई के काम किए हुए करूबों के साथ बने। [32]और उसको सोने से मढ़े हुए बबूल के चार खम्भों पर लटकाना, इनकी अंकडिय़ां सोने की हों, और ये चांदी की चार कुर्सियों पर खड़ी रहें। [33]और बीच वाले पर्दे को अंकडिय़ों के नीचे लटकाकर, उसकी आड़ में साक्षीपत्र का सन्दूक भीतर ले जाना; सो वह बीचवाला पर्दा तुम्हारे लिये पवित्रस्थान को परमपवित्र स्थान से अलग किए रहे। [34]फिर परमपवित्र स्थान में साक्षीपत्र के सन्दूक के ऊपर प्रायश्चित्त के ढकने को रखना। [35]और उस पर्दे के बाहर निवास की उत्तर की ओर मेज़ रखना; और उसकी दक्खिन की ओर मेज़ के सामने दीवट को रखना।"

आयत 31. अध्याय का समापन दो पर्दों को बनाने के निर्देशों के साथ होता है, जो निवासस्थान को पूरा करने के लिए आवश्यक थे। पहला **पर्दा** पवित्र को परमपवित्र स्थान से पृथक करता था। इसे **नीले, बैंजनी और लाल रंग के और बटी हुई सूक्ष्म सनीवाले कपड़े का** बना होना था, वही सामग्री जिस से पहला आवरण बनाया गया था। पहले आवरण के समान इसमें भी कढ़ाई कर के **करूबों** को बनाना था।

आयत 32. पर्दे को **सोने से मढ़े हुए बबूल के चार खम्भों** पर लटकाना था। यदि इन खम्भों को किनारों से बराबर की दूरी पर रखा जाता, तो उनके मध्य में दो हाथ, या लगभग एक गज की दूरी होती। इन खम्भों में **अंकडिय़ां** होनी थीं और इन्हें **चांदी की कुर्सियों** पर खड़ा करना था।

आयतें 33-35. पर्दे को **अंकडिय़ों के नीचे** लटकाना था - जिनका उल्लेख आयत 32 में हुआ है - जिससे **वह बीचवाला पर्दा तुम्हारे लिये पवित्रस्थान को परमपवित्र स्थान से अलग किए रहे**। इब्रानी में सर्वोत्तम को व्यक्त करने की सामान्य विधि "परमपवित्र" (קֹדֶשׁ הַקָּדָשִׁים, *क़ोदेश हक़्क़ेदशिम)* कहना है। इसलिए "परमपवित्र" का अर्थ है, "सर्वाधिक पवित्र," जैसे कि "राजाओं का राजा" का अर्थ है "सबसे महान राजा।"

दोनों पर्दों को बनाने के निर्देश **निवासस्थान** के भीतर सामग्री को सजाने के बारे में भी बताते हैं। मूसा और इस्राएलियों को परमपवित्र स्थान में **साक्षीपत्र का सन्दूक भीतर ले जाना** भी बताया गया, **साक्षीपत्र के सन्दूक के ऊपर प्रायश्चित्त के ढकने को रखना** था, और **मेज़** तथा **दीवट** को पवित्रस्थान में रखना था।

पवित्रस्थान और परमपवित्र स्थान को पृथक करने वाला पर्दा वर्ष में केवल

एक बार उठाया जाता था, जो परमेश्वर की पवित्रता के कारण उस तक न पहुँच पाने को दिखाता था। परमपवित्र स्थान की शान्ति और अन्धकार, जैसा उस पर्दे के द्वारा दर्शाया गया, परमेश्वर के रहस्यमय और उत्कृष्ट होने के विषय बताती थी। इसके साथ ही, यह शान्ति उस सुसमाचार को भी बताती थी कि सृष्टि के परमेश्वर ने अपने लोगों के साथ परमपवित्र स्थान पर उपस्थित होना स्वीकार कर लिया है। चाहे अदृश्य, किन्तु वह वहाँ उपस्थित था। जेम्स बर्टन कॉफमैन ने लिखा,

> यह पर्दा [प्रतीक] रहस्यों [पुराने नियम] का। पर्दे का उद्देश्य था छिपाना, ढक देना, पहुँच वर्जित करना; जब तक पर्दा अपने स्थान पर था, सबसे स्पष्ट में से भी [पुराने नियम] की अनेकों शिक्षाएं गुप्त रहेंगी। पर्दा मसीह का दोहरा चिन्ह है; जब तक वह यथावत था वह *प्रतिज्ञा किए हुए* मसीह का प्रतीक था; परन्तु जब वह ऊपर से नीचे की ओर फट गया, हमारे प्रभु के क्रूस पर चढ़ाए जाने के समय, *तब* वह *प्रकट किए गए* मसीह का प्रतीक था।[7]

कॉफमैन ने आगे पर्दे के प्रतीक होने के महत्व की विस्तार से चर्चा की,[8] विशेषकर इस तथ्य का उल्लेख कर के, कि जब मसीह मरा, तब "मन्दिर का परदा ऊपर से नीचे तक फट कर दो टुकड़े हो गया" (मत्ती 27:51)।

पर्दा, बाहरी पर्दा (26:36, 37)

[36]"फिर तम्बू के द्वार के लिये नीले, बैंजनी और लाल रंग के और बटी हुई सूक्ष्म सनीवाले कपड़े का कढ़ाई का काम किया हुआ एक पर्दा बनवाना। [37]और इस पर्दे के लिये बबूल के पांच खम्भे बनवाना, और उन को सोने से मढ़वाना; उनकी कड़ियाँ सोने की हों, और उनके लिये पीतल की पांच कुर्सियाँ ढलवा कर बनवाना।"

आयत 36. दूसरे पर्दे का सबसे अच्छा वर्णन अध्याय की अंतिम दो आयतों में किया गया है। यह पर्दा, **निवासस्थान के द्वार का पर्दा** - एक प्रकार से "द्वार" ही था। इसे उस ही सामग्री से बनाया जाना था जिससे भीतरी पर्दा बना था।

आयत 37. उसे **बबूल के पाँच खम्भों** पर लटकना था, कड़ियों के साथ **पीतल की कुर्सियों** में। खम्भों और कड़ियों को **सोने** से मढ़ा जाना था। यदि इन खम्भों को एक दूसरे से, और निवास स्थान के किनारों से, बराबर दूरी पर खड़ा किया जाता, तो वे परस्पर तीस इंच दूर होते।

बाहरी पर्दा निवासस्थान के द्वार का, और पर्दे का भी काम करता था, अनाधिकृत लोगों को अन्दर आने से रोकने और मात्र जिज्ञासा रखने वाली आँखों को उन पवित्र अनुष्ठानों को देखने या उनमें भाग लेने से रोकने के लिए जो निवासस्थान में किए जाते थे। लेख इस पर्दे का कोई प्रतीकात्मक महत्व होने का वर्णन नहीं करता है; परन्तु यह महत्वपूर्ण रहा होगा, क्योंकि यह उसी सामग्री से बना था जो पवित्र स्थान को परमपवित्र स्थान से पृथक करती थी। मसीहियों के लिए पवित्र स्थान कलीसिया का प्रतीक है, यह पर्दा चर्च में प्रवेश करने के "द्वार"

- विश्वास, पश्चाताप, और बपतिस्मा, का प्रतीक हो सकता है। जब लोग मसीह में बपतिस्मा लेते हैं, वे कलीसिया, मसीह की देह, में जोड़े जाते हैं (प्रेरितों 2:47; 1 कुरि. 12:13; गला. 3:26, 27)।

लेख द्वारा छोड़ा गया प्रभाव यह है कि एक बार जब सामान एकत्रित कर लिया गया, तब निवासस्थान के अलग-अलग भागों को बनाना था। जब सब बनकर तैयार हो जाते, तब निवासस्थान को थोड़े से समय में ही खड़ा किया जा सकता था। इस की वर्तमान समय से ली गई अपूर्ण अनुरूपता है पूर्वनिर्मित भागों को जोड़ कर बनाया गया भवन। निवासस्थान को एक से दूसरे स्थान ले जाने लायक होना था, इसलिए उसकी संरचना ऐसी थी कि उसे अलग-अलग किया जा सकता और जोड़ा भी जा सकता था। निर्गमन संकेत करता है कि वास्तव में यही होता था (अध्याय 40)।

अनुप्रयोग

"निवासस्थान का परमेश्वर" (अध्याय 26)

बाइबल परमेश्वर के बारे में पुस्तक है। यह सत्य है कि यह हमें मनुष्य के बारे में बताती है - वह कहाँ से आया, वह यहाँ क्या कर रहा है, औ वह कहाँ जा रहा है - परन्तु बाइबल मुख्य रूप से परमेश्वर के बारे में है। इसका उद्देश्य उसे हमारे सामने प्रकट करना है जिससे हम उसकी आराधना और सेवा अभी और सर्वदा कर सकें।

इसलिए जब हम निवासस्थान के बनाए जाने के निर्देशों के विषय पढ़ते हैं, तो वे हमें न केवल निवासस्थान के बारे में बताते हैं, वरन साथ ही वे हमें परमेश्वर के बारे में भी बताते हैं। हम परमेश्वर के बारे में जो वह करता है और जो वह हम से करवाना चाहता है उसे जान सकते हैं, जैसे कि जो वह अपने विषय कहता है उससे भी जान लेते हैं।

कैसा है "निवासस्थान का परमेश्वर"? इस प्रस्तुतिकरण में हम परमेश्वर के सबसे अधिक विदित गुणों पर ध्यान केंद्रित नहीं करेंगे, यद्यपि निवासस्थान उनको प्रतिबिंबित करता है। उदाहरण के लिए, निवासस्थान हमें परमेश्वर की पवित्रता के बारे में सिखाता है, और दोनों, उसके सर्वव्यापी होने और सबसे उत्कृष्ट होने के विषय में भी। लेकिन हम परमेश्वर के चरित्र के कुछ पहलुओं को जो निर्गमन 26 में निवासस्थान के विवरण से प्रकट होते हैं देखेंगे। परमेश्वर के गुण बताते हैं कि हमें कैसा होना चाहिए, क्योंकि हमें उसके स्वभाव का संभागी होना है (2 पतरस 1:4) और उसका अनुकरण करना है (इफि. 5:1)।

वह व्यवस्थित रहने वाला परमेश्वर है। अध्याय 26 निवासस्थान को ढाँपने के लिए परदे बनाने के सावधानीपूर्ण निर्देश देता है। परमेश्वर ने मूसा को बताया कि उन्हें कितना लंबा और कितना चौड़ा होना है, उन्हें कैसे साथ बाँधे जाना है, और उन्हें तम्बू के ढाँचे के ऊपर कैसे लगाया जाना है। निवासस्थान के बनाने के लिए अन्य भागों के भी ऐसे ही विस्तृत विवरण दिए गए। परमेश्वर चाहता था कि

इस्राएल के कार्य के परिणाम से जो संरचना बने वह उसके व्यवस्थित होने के गुण को प्रतिबिंबित करे। निश्चय ही हमें चकित नहीं होना चाहिए कि निवासस्थान के निर्देशों में व्यवस्थित होना प्रतिबिंबित होता है क्योंकि हमारे परमेश्वर ने व्यवस्थित संसार की योजना और सृष्टि की। परमेश्वर के स्वरूप में सृजे गए लोग होने के कारण, हम भी उसके समान होने की प्रवृत्ति रखते हैं, क्योंकि हम भी अव्यवस्था में से व्यवस्था लाने के लिए निरन्तर कार्य करते रहते हैं। परमेश्वर के इस गुण को जानने के कारण हमें कार्यों को व्यवस्थित रीति से करना चाहिए (1 कुरि. 14:33)।

वह सुन्दरता का परमेश्वर है। निवासस्थान को सुन्दर तथा उपयोगी होना था। पर्दे जो तम्बू के लिए आवरण प्रदान करते थे वे रंगीन सामग्री से बने थे, और करूबों को कपड़े में कढ़ाई करके बनाया गया था (26:1)। निवासस्थान को अपना आवश्यक कार्य संपन्न करने के लिए न तो रंगों की और न ही करूबों की आवश्यकता थी; उनकी योजना सुंदरता और उपयोगिता के लिए की गई थी। निर्माण में जो सोना, चांदी, और पीतल प्रयोग किया गया निःसंदेह तम्बू की सुन्दरता को निखारता था। एक बार फिर, तम्बू का मनोहर दिखना अचरजपूर्ण नहीं होना चाहिए, क्योंकि परमेश्वर ने इतनी सुन्दर सृष्टि की रचना की। मानवजाति परमेश्वर की सुन्दरता की सराहना करने के गुण को प्रतिबिंबित करती है; हर स्थान पर लोग कला के प्रयासों में लगे हुए पाए जाते हैं। क्योंकि परमेश्वर सुंदरता में रुचि रखता है, इसलिए मसीहियों को कला और सुंदरता को तुच्छ नहीं समझना चाहिए। परन्तु, सबसे बढ़कर, हमें परमेश्वर द्वारा दिए गए आत्मा की सुंदरता के खोजी तथा सराहना करने वाले होना चाहिए (1 पतरस 3:1-4)।

वह उपयोगिता का परमेश्वर है। निवासस्थान को केवल दर्शन करने या सराहना करने के लिए नहीं बनाया गया था। उसे परमेश्वर की आराधना में प्रयोग करने के लिए बनाया गया था। परमेश्वर के निर्देशों का व्यावहारिक मूल्य प्रकट है। उदाहरण के लिए, भेड़ों के चमड़े से बने आवरण तम्बू को पानी से बचाते थे। और, जैसा निर्गमन में अन्य स्थान पर कहा गया है, निवासस्थान की सजावट की सामग्री के साथ खम्भों का जोड़ा जाना, उस सामग्री को एक से दूसरे स्थान लेकर जाना संभव करता था। सृष्टि में भी, परमेश्वर ने सुन्दर वस्तुओं को उपयोगी और उपयोगी वस्तुओं को सुन्दर बनाया है। उदाहरण के लिए, मानव आँख को व्यक्ति की सबसे आकर्षक विशेषता माना गया है, परन्तु आँख को उपयोगी भी होना है और सुन्दर भी। उपयोगिता में परमेश्वर की रुचि से हमें स्मरण रहना चाहिए कि मसीहियों को उसके भवन में "जीवित पत्थरों" के समान लगाया गया है (1 पतरस 2:5; देखें इफि. 2:19-22); हमें परमेश्वर के राज्य में उपयोगी होना है, परमेश्वर और मनुष्यों की सेवा करनी है (1 पतरस 4:10, 11)।

वह कृपा का परमेश्वर है। प्रायश्चित के ढकने के उल्लेख में (26:34), हमें एक बार फिर परमेश्वर के कृपालु स्वभाव का स्मरण मिलता है। परमेश्वर ने सदा अपने लोगों को क्षमा और आशीषित करना चाहा है, और उसने निवासस्थान को इसके लिए प्रयोग किया। अवश्य ही, परमेश्वर का कृपालु स्वभाव उसके द्वारा बनाए गए

संसार में प्रगट है। मनुष्य, पापी होते हुए भी, बहुधा आश्चर्यजनक रीति से कृपालु और अनुकंपा रखने वाले भी होते हैं। क्योंकि परमेश्वर कृपालु है, हमें मसीही होने के नाते हम पर की गई कृपा के लिए औरों पर कृपालु होने के द्वारा कृतज्ञ होना चाहिए (मत्ती 18:21-35; इफि. 4:32; कुलु. 3:13)। कलीसिया - नए नियम में निवासस्थान का समतुल्य - को वह माध्यम होना है जिसके द्वारा संसार परमेश्वर की क्षमा को जान सके।

वह प्रकटीकरण का परमेश्वर है। निर्गमन 26 एक स्मरण का समावेश करता है कि परमेश्वर ने इस्राएल पर अपनी व्यवस्था प्रकट की "वाचा के संदूक" के उल्लेख के द्वारा (26:33)। परमेश्वर ने इस्राएल को बिना निर्देशों के नहीं छोड़ा। न ही परमेश्वर ने अपने द्वारा रचे गए संसार में कभी लोगों को अपनी "सनातन सामर्थ्य और ईश्वरीय गुणों" (रोमियों 1:20) की गवाही के बिना कभी छोड़ा है। मनुष्य जानकारी का आदान-प्रदान करने में रुचि रखते हैं। यह तथ्य कि हमारा परमेश्वर लोगों से वार्तालाप करने वाला परमेश्वर है, जिसने मानवजाति पर अपनी इच्छा को प्रकट किया है, हमारे लिए महत्वपूर्ण है। वही परमेश्वर जिसने मूसा से निर्गमन में बातें कीं आज भी हम से अपने पुत्र (इब्रा. 1:1, 2) तथा नए नियम में होकर बोल रहा है।

उपसंहार। परमेश्वर में कोई बदलाव नहीं आया है। अभी भी वह व्यवस्था, सुन्दरता, और उपयोगिता का परमेश्वर है। वह अभी भी कृपालु परमेश्वर है, और प्रकाशन का परमेश्वर भी। हम उसके स्वभाव में आनन्दित हों, उसकी कृपा का स्वाद लें, और उसके निर्देशों क पालन करें। हमें परमेश्वर के अनुकरण करने वाले बनना है। तो फिर, परमेश्वर के समान, हम व्यवस्थित क्यों न बनें? इसीलिए क्या हमें दोनों, सुंदरता और उपयोगिता में रुचि नहीं लेनी चाहिए? क्या हमें औरों पर कृपालु नहीं होना चाहिए? अन्त में, क्या हमें अपने उत्तरदायित्व को पहचानते हुए, जो हमने परमेश्वर से प्राप्त किया है उस प्रकाशन को औरों तक नहीं पहुँचाना चाहिए?

भीतरी पर्दा - अदृश्य सुंदरता (26:1-6)

निवासस्थान का भीतरी पर्दा स्तब्ध कर देने वाला रहा होगा; वह बहुमूल्य सामग्री से, और करूबों की सुंदर सजावट के साथ बना हुआ था। परन्तु उसे कोई देख नहीं सकता था - केवल निवासस्थान में सेवा करने वाले याजकों को छोड़ कर। यदि तख्ते ठोस होते, और पर्दों के अन्दर की ओर होते तो वे भी उसे नहीं देख पाते! चाहे कोई पर्दे को देखने पाता अथवा नहीं, परमेश्वर देख सकता था। वह उसकी सुन्दरता की सराहना कर सकता था और इस बात की, कि वह उसके निर्देशों के अनुसार ही बनाया गया था। इसी प्रकार से, परमेश्वर हमें वैसा देखता है जैसा और कोई नहीं देख सकता है। वह हमारी भीतरी मनुष्य को देखता और जानता है (1 शमूएल 16:7)। इसलिए हम अपने बाहरी स्वरूप के विषय अनावश्यक चिंता न करें; वरन, यह सुनिश्चित करें कि हम अन्दर से सुन्दर हैं (1 पतरस 3:4)।

"एक साथ गठकर" (26:4-37)

निर्गमन वर्णन करता है कि कैसे निवासस्थान के विभिन्न भागों को परस्पर जोड़ा जाना था। पर्दों को फन्दों और अंकड़ों के द्वारा जोड़ा जाना था; तख्तों को अपने स्थान पर बनाए रखने के लिए कड़े और कुर्सियाँ प्रयोग होनी थीं; पर्दों को कड़े और कुर्सियों द्वारा टांगा जाना था। आज कलीसिया परमेश्वर का मंदिर, परमेश्वर का भवन है। प्रत्येक सदस्य उस भवन में एक जीवता पत्थर है (1 पतरस 2:5)। भागों को एक साथ जोड़े रखने के लिए और देह के प्रत्येक भाग के सुचारु रीति से कार्य करने के लिए, विभिन्न भागों को "एक साथ गठकर" (इफि. 4:16; KJV) रहना है। प्रभु की कलीसिया के सदस्यों को परस्पर जुड़े हुए रहना है। बिना गारे-मसाले के ईंटों को साथ रखने भर से स्थिर भवन नहीं बन सकता है। कलीसिया में, प्रतीकात्मक रूप में, हमें "फन्दों" और "अंकड़ों," "कड़े" और "कुर्सियों" की आवश्यकता है। हम और भली-भांति से व्यवस्थित होने के द्वारा गठित हो सकते हैं। सबसे बढ़कर हमें उस "सिद्धता का कटिबन्ध" (कुलु. 3:14), ईंटों को साथ बांधकर रखने वाले गारे-मसाले की आवश्यकता है।

परमपवित्र स्थान - परमेश्वर का सिंहासन गृह (26:31-35)[9]

परमपवित्र स्थान एक प्रकार से स्वर्ग के समान था (इब्रा. 9:11, 12, 23, 24)। (1) दोनों ही स्थानों पर परमेश्वर सिंहासन पर विराजमान है (भजन 99:1; प्रका. 4:1, 2)। (2) दोनों में ही परमेश्वर की महिमा की उपस्थिति है (लैव्य. 16:2; प्रका. 21:23)। (3) दोनों में परमेश्वर की आराधना करते हुए प्राणियों को दिखाया गया है (निर्गमन 25:18; प्रका. 4:6-8)। (4) दोनों के सुनहरी होने का वर्णन किया गया है (निर्गमन 25:11, 17, 26-29; प्रका. 21:18)। (5) दोनों को सिद्ध घन के आकार का दिखाया गया है; उनके माप की गणना निर्गमन 28:16, 18, 20, 22 और प्रकाशितवाक्य 21:16 के आधार पर की जा सकती है। (6) दोनों में परमेश्वर की व्यवस्था है (निर्गमन 40:20; भजन 119:89; देखें 89:14)। (7) दोनों ही वह स्थान कहे जाते हैं जहाँ लहू द्वारा प्रायश्चित किया जाता है (लैव्य. 16:15, 16; इब्रा. 9:11, 12, 24, 25)।

फटा हुआ पर्दा (26:31-35)

निवासस्थान का पर्दा पवित्र स्थान को परमपवित्र स्थान से पृथक करता था। जब यीशु की मृत्यु हुई तब पर्दा ऊपर से नीचे की ओर फट गया, जो इस बात का संकेत था कि उसे परमेश्वर ने फाड़ा था। यह घटना दिखाती थी कि मसीह ने अपने अनुयायियों के लिए स्वर्ग का मार्ग खोल दिया है। अपनी मृत्यु के द्वारा - अपनी देह (शरीर) देने के द्वारा - यीशु ने हमारे लिए मार्ग खोल दिया (इब्रा. 10:20)। अब बस हमें उस "नए और जीवते मार्ग" (इब्रा. 10:19, 20) से प्रवेश करना है। परन्तु स्वर्ग में प्रवेश करने से पहले हमें किसी न किसी रीति से उस शरीर का त्याग करना होगा जिसमें हम निवास करते हैं (1 कुरि. 15:50)। यह हम या तो मृत्यु के

पल में या फिर मसीह के लौट कर आने के समय करेंगे।

समाप्ति नोट्स

[1]जॉन जे. डेविस, *मोज़ेस एण्ड द गॉड्स ऑफ ईजेप्ट: स्टडीस इन एक्सोडस,* 2ड एड. (ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगन: बेकर बुक हाउस, 1986), 262; जॉन आई. डरहम, *एक्सोडस,* वर्ड बिबलिकल कॉमेन्ट्री, वॉल्यूम 3 (वैको, टेक्स.: वर्ड बुक्स, 1987), 371; देखें फ्रांसिस ब्राउन, एस. आर. ड्राइवर, एण्ड चार्ल्स ए. ब्रिग्गस, *द ब्राउन-ड्राइवर-ब्रिग्गस हीब्रयू एण्ड इंगलिश लेक्सिकॉन* (बॉस्टन: हॉटन, मिफ्फ्लिन एण्ड को., 1906; रिप्रिंट, पीबौडी, मास्स.: हैन्ड्रिक्सन पब्लिशर्स, 1997), 1065. [2]आर. एलेन कोल, *एक्सोडस: एन इन्ट्रोडक्षण एण्ड कॉमेन्ट्री,* टिन्डेल ओल्ड टेस्टामेंट कॉमेन्ट्रीस (डाउनर्स ग्रोव, इल्ल.: इंटर-वर्सिटी प्रैस, 1973), 194. [3]रिचर्ड ई. एवर्बैक, "टैबर्नैकल," *डिक्शनरी ऑफ द ओल्ड टेस्टामेंट: पेंटाट्यूक* में, एड. टी. डेसमंड एलेक्जेंडर एण्ड डेविड डब्ल्यू. बेकर (डाउनर्स ग्रोव, इल्ल.: इंटरवर्सिटी प्रैस, 2003), 814. [4]*अमेरिकन हैरिटेज डिक्शनरी,* 4थ एड. (2001), एस.वी. "टेनोन." [5]उम्बर्टो कास्सूटो, *ए कॉमेन्ट्री ओं ड बुक ऑफ एक्सोडस*, ट्रान्स. इस्राएल एब्राहम्स (जेरुसलेम: मैग्नेस प्रैस, 1997), 355. [6]पीटर एन्स, *एक्सोडस*, द NIV एप्प्लिकेशन कॉमेन्ट्री (ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगन: जौंडर्वैन, 2000), 519. [7]जेम्स बर्टन कॉफमैन, *कॉमेन्ट्री ऑन एक्सोडस, द सेकेंड बुक ऑफ मोसेस* (एबीलीन, टेक्स.: एसीयू प्रैस, 1985), 372. [8]उपरोक्त, 372-75. [9]विल्बर फील्ड्स, *एक्सप्लोरिंग एक्सोडस*, बाइबल स्टडी टेक्स्टबुक सीरीज़ (जोपलिन, मो.: कॉलेज प्रैस, 1976), 590 से अनुकूलित किया गया।